युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें : पटेल

भीनमाल। युवा शक्ति राष्ट्र के विकास का आधार होती है। देश के युवाओं को जोश एवं होश का संतुलन रखकर सकारात्मक कार्यो में अपनी उर्जा लगानी चाहिए। जीके गोवाणी राजकिय महाविद्यालय के छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद देवजी पटेल ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रनिर्माण के कार्यो में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि विधायक पुराराम चौधरी ने महाविद्यालय में व्याख्याताओं के रिक्त पदो की शीघ्र पूर्ति का आश्वासन दिया। सांसद व विधायक ने कॉलेज विकास हेतु हरसंभ सहयोग देने का विश्वास दिलाया। सांसद ने कॉलेज विकास के लिए अपने बचे हुए कार्यकाल में प्रतिवर्ष ५ लाख रुपये सांसद कोटे से देने की घोषणा की साथ ही दानदाताओं से कॉलेज विकास हेतु १० लाख रूपये जुटाने का संकल्प जताया। भीनमाल प्रधान धुखाराम पुरोहित एवं पालिका अध्यक्ष सांवलाराम देवासी ने भी इस अवसर पर सहयोग का आश्वासन दिया। सांसद ने देवनारायण स्कूटी योजना के तहत शांता सांवलाराम देवासी को स्कूटी प्रदान की। समारोह में मुख्य वक्त अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश प्रभारी मुरारीलाल गुप्ता ने गरिमामय राष्ट्र के उन्नयन हेतु युवाओं को जुटने का आह्वान करते हुए डॉ एपीजी अब्दुल कलाम के आदर्शो को जीवन में उतारने का संकल्प करवाया। समारोह में प्राचार्य अन्याशरूलहक व छात्रसंघ अध्यक्ष भंवरलाल पंवार ने संकाय सदस्यो के अभाव पुस्तालय एवं छात्रहित में महाविद्यालय को संसाधन, स्टाफ एवं संकाय सदस्य उपलब्ध करवाने की मांग की। मुख्य परामर्शदाता कोमल कत्याल ने छात्रसंघ प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए भावी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ अरूपण दवे ने किया। इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष हिंगलाजदान चारण, भाजपा जिला महामंत्री भारताराम देवासी, सरपंच ठाकराराम, भाजयुमो जिला महामंत्री आम्बाराम चौधरी, महादेवाराम चौधरी, कुलदीपसिंह सहित बडी संख्या में गणमान्य लागरीक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।